Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 18 नवम्बर 2020

अतंराष्ट्रीय बाजार

COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव
चांदी	दिसम्बर	29-12-20	24.65
सोना	दिसम्बर	29-12-20	1885.10
कच्चा तेल	दिसम्बर	20-11-20	41.43
ब्रेंट कच्चा तेल	दिसम्बर	30-11-20	43.96
नेचुरल गैस	दिसम्बर	25-11-20	2.69

करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

करेंसी	वर्तमान भाव
अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया'	74.47
डॉलर इंडेक्स	92.43
यूरो/अमेरिकी डॉलर	1.19
सीआरबी इंडेक्स	163.42

LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

कमोडिटी		बंद भाव
तांबा	नकद	7050.00
एल्युमिनियम	नकद	1944.50
जिंक	नकद	2663.50
लेड	नकद	1900.50
निकल	नकद	15703.00

SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

कमोडिटी	माह	बंद भाव
तांबा	15 दिसम्बर 20	53100.00
एल्युमिनियम	15 दिसम्बर 20	15380.00
जिंक	15 दिसम्बर 20	20350.00
लेड	15 दिसम्बर 20	14645.00

घरेलू बाजार

MCX / ICEX

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
बुलडेक्स	23-11-20	15641.35	साइडवेज	25.08.20	15750.00	-
चांदी	04-12-20	63248.00	तेजी	18.05.20	47698.00	58200.00
सोना	04-12-20	50766.00	तेजी	23.03.20	41163.00	49500.00
कच्चा तेल	19-11-20	3049.00	साइडवेज	08.09.20	2705.00	-
नेचुरल गैस	24-11-20	200.00	तेजी	23.09.20	154.20	200.00
डायमंड 1 कैरट	04-12-20	3437.00	साइडवेज	03.07.20	3697.35	-

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
तांबा	27-11-20	543.35	तेजी	12.10.20	525.00	490.00
एल्युमिनियम	27-11-20	162.30	तेजी	10.06.20	138.40	148.00
जिंक	27-11-20	215.95	तेजी	11.05.20	156.60	182.00
लेड	27-11-20	154.25	तेजी	28.07.20	148.05	145.00
निकल	27-11-20	1196.00	तेजी	12.10.20	1105.00	1100.00
स्अील लांग(आईसीईएक्स)	07-12-20	35280.00	साइडवेज	16.06.20	30210.00	-

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

17.11.2020 को सभी बंद भाव

सर्राफा आउटलुक

सर्राफा की कीमतों में नरमी का रूझान रहने की संभावना है। सोने की कीमतों में 51000 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 50400 रू तक गिरावट हो सकती है जबकि चांदी की कीमतों में काफी अधिक उठापटक हो सकती है और कीमतों में 65400 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 64100 रू तक गिरावट हो सकती है। कोविड-19 की वैक्सीन की बढ़ती उम्मीदों के बीच कोरोना के मामलों में तेजी से वृद्धि का असर आर्थिक विकास पर पड़ने की आशंका के कारण आज सोने की कीमतों में थोड़ी बढ़त देखी जा रही है। सोने की हाजिर कीमतें 0.2% बढ़कर 1,881.36 डॉलर प्रति औंस के पास कारोबार कर रही हैं जबकि अमेरिकी सोना वायदा 0.3% की गिरावट के साथ 1,878. 90 डॉलर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने मंगलवार को कहा कि महामारी से आर्थिक गिरावट से जूझने के लिए आपातकालीन कार्यक्रमों को बंद करने का समय नहीं है और अर्थव्यवस्था को ठीक होने के लिए लंबा रास्ता तय करना बाकी है। अक्टूबर में अमेरिकी खुदरा बिक्री में उम्मीद से कम वृद्धि हुई और कोविड-19 संक्रमणों पर काबू पाने और लाखों बेरोजगार अमेरिकियों की सरकारी वित्तीय सहायता समाप्त होने से घरेलू आय में गिरावट से यह आगे भी कम हो सकती है। ईसीबी अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड ने मंगलवार को कहा है कि एक प्रभावी कोरोनावायरस वैक्सीन से यूरोपीय सेंट्रल बैंक के आर्थिक अनुमानों में फंडामेंटल रूप से कोई बदलाव नही होगा। उद्योग जगत की रिपोर्ट के अनुसार चांदी के सिक्कों और बार्स में निवेश इस साल पांच साल के उच्च स्तर पर पहुंच जाएगा और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड की होल्डिंग रिकॉर्ड 350 मिलियन औंस हो जाएगी। चांदी की कीमतें 24.47 डॉलर प्रति औंस पर सपाट रही।

बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतों पर बिकवाली का दबाव रहने की संभावना हैं। तांबें की कीमतें 545 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 538 के स्तर पर पहुंच सकती है। शंघाई में आज बेस मेटल की कीमतों में मिला-जुला रूझान है क्योंकि निवेशक कोविड-19 के दो संभावित वैक्सीन के बावजूद संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण सतर्क है जबकि एलएमई में बेस मेटल की कीमतों में भी बढ़त देखी जा रही है। कोविड-19 के दो संभावित वैक्सीन की उम्मीद के बावजूद संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण आर्थिक रिकवरी के बाधित होने की आशंका से कल तांबें की कीमतों में 29 महीने के उच्च स्तर से गिरावट हुई है। लुंडिन माइनिंग कॉर्प द्वारा संचालित चिली में कैंडेलारिया तांबा खदान के श्रमिक कॉन्ट्रैक्ट की नयी शर्तो को अस्वीकार कर दिया है, जिससे हड़ताल जारी है। जिंक की कीमतें 216 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 213 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। लेड की कीमतें 155 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 152 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। चीन के रिसर्च ग्रुप एन्टाइके के अनुसार इस वर्ष अल्पकालिक घाटे के बाद वैश्विक स्तर पर जिंक कंसेन्ट्रेट बाजार के 2021 में सरप्लस रहने का अनुमान है। निकल की कीमतों में नरमी रह सकती है और कीमतों को 1186 के पास समर्थन के साथ 1205 के स्तर पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चीन की स्टेनलेस स्टील मिलों को आवश्यक घटक फेरोक्रोम के अधिक लागत का सामना करना पड रहा है और यदि संभव हुआ, तो दक्षिण अफ्रीका क्रोम अयस्क के निर्यात पर कर लगाने के प्रस्तावों के साथ आगे जा सकता है। एल्युमीनियम की कीमतें 161 के पास सपोर्ट के साथ 164 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में चीन का एल्युमीनियम उत्पादन 9.7% बढ़कर रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है ।

एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना हैं और कीमतों को 3090 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 2980 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है। कमजोर मांग के बीच अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में अनुमान से अधिक बढ़ोतरी के कारण आज तेल की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है लेकिन ओपेक और उसके सहयोगियों तेल उत्पादन में वृद्धि के प्रस्ताव को कम से कम तीन महीने तक टालने की योजना से गिरावट सीमित है। अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान के अनुसार अमेरिकी कच्चे का भंडार पिछले सप्ताह 4.2 मिलियन बैरल बढ़ा है जबकि अनुमान 1.7 मिलियन बैरल की बढ़ोतरी का था। सीओवीआईडी-19 महामारी की एक नई लहर के बीच कमजोर मांग से निपटने के लिए, सऊदी अरब ने ओपेक + समूह के साथी सदस्यों को तेल बाजार की जरूरतों के अनुरूप लचीला होने की अपील की है। ओपेक + 30 नवंबर और 1 दिसंबर को होने वाली बैठक में उत्पादन कोटा बदलने की सिफारिश कर सकती है। सूत्रों के अनुसार यह समूह तेल की कीमतों को समर्थन देने के लिए कम से कम तीन महीने के लिए तेल उत्पादन में एक जनवरी से वृद्धि की योजना को स्थगित करने करने पर विचार कर सकता है क्योंकि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर जारी है। नेचुरल गैस की कीमतों में उठापटक के साथ नरमी रह सकती है और कीमतों में 196 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 203 के स्तर पर रेजिस्टेंस रह सकता है। अगले 2 सप्ताह के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकांश हिस्सों में सामान्य मौसम की तुलना में गर्म रहने का अनुमान के कारण नेचुरल गैस की कीमतों में गिरावट हुई है।

प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

भारतीय समयानुसार	आर्थिक आंकड़ें	महत्व	संभावित	पिछला	प्रभावित कमोडिटी	प्रभाव
19:00	अमेरिकी बिल्डिंग परमिट्स (अक्टूबर)	अधिक	1.560M	1.545M	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल
19:00	अमेरिकी हाउसिंग स्टॉर्ट (अक्टूबर)	अधिक	1.460M	1.415M	मेटल एवं एनर्जी	प्रतिकूल
21:00	ईआईए कच्चे तेल का भंडार	अधिक	1.950M	4.278M	एनर्जी	अनुकूल
21:00	ईआईए गैसोलीन का भंडार	अधिक	0.450M	-2.309M	एनर्जी	प्रतिकूल

वंदना भारती एवीपी कमोडिटी रिसर्च फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625 vandanabharti@smcindiaonline.com

शिवानन्द उपाध्याय रिसर्च एसोसिएट फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646 shivanand@smcindiaonline.com

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेवी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होंने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।